।। कार्यालय थानाधिकारी पुलिस थाना माता का थान, जोधपुर पूर्व ।।

प्रेस नोट

दिनांकः—05.06.2023

- पुलिस थाना माता का थान द्वारा ऑनलाईन केसिनों जुआ के खिलाफ बडी कार्यवाही
- अवैध जुआ आशियाय राशि रूपये 63,000/— जब्त
- तीन मुल्जिमान गिरफ्तार
- ऑनलाईन जुआ खेलने में प्रयुक्त कुल 06 मोबाईल फोन जब्त

जोधपुर शहर में लगातार बढ रहे जुआखोर व ऑनलाईन जुआ चलाने वालों पर अंकुश लगाने हेतू एवं जुआ कारोबार की रोकथाम एवं खुलासा करने हेतू डॉ0 अमृता दुहन् पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व द्वारा विशेष दिशा निर्देश दिये गये। जिस पर जुआ की रोकथाम एवं खुलासा करने हेतु श्री नाजीम अली अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त जोधपुर पूर्व के निर्देशन मे श्री पियूष कविया सहायक पुलिस आयुक्त वृत मण्डोर जोधपुर पूर्व के निकटतम सुपरविजन में मन थानाधिकारी प्रेमदान रतनु पु0नि0 पुलिस थाना माता का थान के नेतृत्व मे थाना स्तर पर टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा परम्परागत, आधुनिक, वैज्ञानिक तरिके एवं आसूचना संकलन शुरू किया गया। गठित टीम द्वारा अपने आसूचना संकलन के आधार पर मुल्जिमान 01 ईश्वर पुत्र श्री नरपतराम जाति लौहार उम्र 22 साल निवासी गली नं 01 अशोक कॉलोनी रामसागर पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व, 02 पुखराज पुत्र श्री पूनाराम जाति वाल्मिकी उम्र 31 साल निवासी अशोक कॉलोनी मगरा पूंजला पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व, 03 प्रशांत उर्फ प्रिंस चौहान पुत्र श्री हरीसिंह जाति रावणा राजपूत उम्र 25 साल निवासी गली नं 02 अशोक कॉलोनी पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व को गिरफ्तार किया गया।

तरीका वारदातः— मुल्जिमान मोबाईल फोनों के माध्यम से दुसरो को लिंक भेजकर ऑनलाईन एप पर गेम जुआ खेलाते है। जो भी जुआ खेलते है उनकी अपनी अपनी आईडी बनाकर उनको लिंक भेज दिया जाता हैं। जो खाते मे पेमेंट करते है उतने पेमेंट की कॉईन डालते है। मुल्जिमान गेम एप डाउनलोड कर अपनी आईडी पासवर्ड से लोगिन कर कस्टमर की पासवर्ड आईडी बनाकर उनको भेज दी जाती है तथा कस्टमर द्वारा इनसे जुआ खेलने के लिये पोईन्ट खरिदते है वो ऑनलाईन व नगद पैमेंट लेकर उनको भेजते है। इस प्रकार मुल्जिमान को राशि मुनाफा के रूप मे मिलती हैं। कस्टमर को पोईन्ट का नुकसान होने पर राशि कम्पनी को चली जाती है तथा उन्हें उनका कमिशन मिल जाता है। कस्टमर पच्चास पोईन्ट से पांच सौ पोईन्ट भी कर सकते है तथा पोईन्ट खो भी सकता हैं कस्टमर को भाग्य के अनुसार लाभ हानि होती है। कस्टमर के पोईन्ट ज्यादा बढने से पच्चास पोईन्ट के दस रूपये के हिसाब से पैमेंट हो जाता है जिसके पोईन्ट घटते है तो उसको पोईन्ट राशि का नुकसान होता हैं। इस प्रकार एक को लाभ व दुसरे को हानि होती हैं।

गिरफ्तारशुदाः—

01 ईश्वर पुत्र श्री नरपतराम जाति लौहार उम्र 22 साल निवासी गली नं 01 अशोक कॉलोनी रामसागर पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व।

02 पुखराज पुत्र श्री पूनाराम जाति वाल्मिकी उम्र 31 साल निवासी अशोक कॉलोनी मगरा पूंजला पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व।

03 प्रशांत उर्फ प्रिंस चौहान पुत्र श्री हरीसिंह जाति रावणा राजपूत उम्र 25 साल निवासी गली नं 02 अशोक कॉलोनी पुलिस थाना माता का थान जोधपुर पूर्व।

पुलिस टीमः—

1. श्री प्रेमदान रतनु निपु. थानाधिकारी
2. श्रीमती अरूणा कुमारी उ0नि0
3. श्री मुकनाराम स0उ0नि0
4. श्री हनुमान हैडकानि
5. श्री हुकमाराम हैडकानि
6. श्री श्रवण कुमार कानि (विशेष भूमिका)
7. श्री राकेश पूनियां कानि
8. श्री गजेन्द्रसिंह कानि
9. श्री रामनारायण कानि
10. श्री पूर्णसिंह कानि

सही / —
थानाधिकारी
पुलिस थाना माता का थान
जोधपुर पूर्व